






# दादाजी धाम में नवनिर्माण का शंखनाद

## 15 जनवरी से शुरू होगी नींव की खुदाई, 6 माह में तैयार होगा बेस



**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र और दुनिया भर में 'पंचम धाम' के रूप में पूजनीय श्री धूनीवाले दादाजी धाम में अब भव्यता का नया सूरज उगने वाला है। 30 जून 2025 को जिस भव्य मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया गया था, वह लंबे अंतराल के बाद धरातल पर आकार लेने जा रहा है। आगामी 15 जनवरी, मकर संक्रांति के पावन पर्व के आसपास से मंदिर निर्माण का विधिवत श्रीगणेश होने जा रहा है।

### वो वादा जो अब होने जा रहा पूरा

दादाजी के लाखों भक्तों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। ज्ञात हो कि 30 जून 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मंदिर का भव्य 'भूमिपूजन महोत्सव' संपन्न हुआ था। उस समय उत्साह के बीच यह घोषणा की गई थी कि गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तत्काल बाद मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, तकनीकी प्रक्रियाओं और टेंडर की बारीकियों के चलते निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हुआ और कार्य शुरू नहीं हो सका। लेकिन %देर आए दुरुस्त आए', अब प्रशासन और नवनिर्माण समिति ने तमाम बाधाओं को दूर करते हुए 15 जनवरी से कार्य शुरू करने का अंतिम निर्णय ले लिया है।

### नींव भराई का टेंडर फाइनल, 6 महीने का लक्ष्य

मंदिर निर्माण की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया गया है। मंदिर की नींव रखने के लिए टेंडर प्रक्रिया आधिकारिक रूप से पूर्ण कर ली गई है। प्रथम चरण में निर्माण एजेंसी को मंदिर स्थल पर खड्डे खुदाई और नींव भराई का कार्य सौंपा गया है। निर्माण समिति ने एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि नींव भराई का यह कार्य 6 माह की समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा। जैसे ही नींव का काम पूरा होगा, तत्काल मुख्य भवन का कार्य शुरू होगा।

### मकराना मार्बल और 108 खंभों की भव्यता

करीब 100 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाला यह मंदिर वास्तुकला का बेजोड़ नमूना होगा । मंदिर का निर्माण राजस्थान के प्रसिद्ध सफेद मकराना मार्बल से किया जाएगा, जो इसे भव्य और दिव्यता प्रदान करेगा। मंदिर में 108 भव्य नक्काशीदार खंभे (पिलर) होंगे। मंदिर का शिखर 101 फीट ऊंचा होगा, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को दर्शन देगा।

### 24 घंटे खुला रहता है जिसका द्वार

श्री धूनीवाले दादाजी धाम की गूंज विश्वविख्यात है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा अद्भुत मंदिर है, जिसके पट कभी बंद नहीं होते। यहाँ 24 घंटे, सातों दिन अखंड धूनी प्रज्वलित रहती है। भक्त किसी भी पहर आकर धूनीवाले दादाजी समाधि के दर्शन कर सकते हैं। इंजीनियरों के आकलन के अनुसार, दादाजी का यह भव्य और दिव्य मंदिर सिंहस्थ 2028 तक पूर्ण आकार ले लेगा। यह मंदिर न केवल निमाड़ बल्कि पूरे भारत के आध्यात्मिक मानचित्र पर एक सुनहरे अध्याय के रूप में अंकित होगा।

# खंडवा की सहकारी समिति सम्मानित

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** खंडवा। खंडवा की तहसील मार्केटिंग सहकारी समिति को सहकारी विकास निगम, सहकारिता विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार (द्वितीय) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सहकारी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, पारदर्शी संचालन एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया। भोपाल स्थित मुक्ताम हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में माननीय सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा समिति को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेश भर की श्रेष्ठ सहकारी संस्थाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सहकारी समिति करह के प्रबंधक श्री रविराज दुगाने ने कहा कि प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ संस्थाओं की सूची में समिति का चयन होना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान संस्था को और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देगा तथा भविष्य में किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।



तहसील मार्केटिंग सहकारी समिति के अध्यक्ष विनोद माली ने कहा कि ऐसे सम्मान संस्थाओं को आत्मनिर्भर बनने और कार्यक्षमता बढ़ाने का उत्साह देते हैं। संस्था ने योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर पारदर्शी कार्यप्रणाली विकसित की है, जिससे किसानों और हितग्राहियों को सीधा लाभ मिला है।

इस उपलब्धि पर हरसूद एवं खालवा मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समिति को बधाई दी तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं सहकारी विकास निगम का आभार व्यक्त किया।

## एक नज़र मे

### महाशिवपुराण कथा के द्वितीय दिवस पर रुद्राक्ष और शिव भक्ति का महत्व बताया

**खंडवा।** देवझिरी जिले में चल रही महाशिवपुराण में 8 जनवरी को कथा के द्वितीय दिवस में पंडित ललित किशोर दाधीच जी ने कहा कि, रुद्राक्ष भगवान शिव के नेत्र से उत्पन्न हुए हैं, जिसे शिव का ही स्वरूप माना गया है, इसमें औषधीय गुण है, ज्ञान भी है,धारण करने का अति लाभ है 21000 रुद्राक्ष शिवलिंग का प्रतिदिन अभिषेक हो रहा है जिसके ललाट में तिलक गले में रुद्राक्ष कंठ में ओम नमः शिवाय मंत्र होता है, वह स्वयं शिव का मंदिर ही माना गया है शिव तीर्थ का वर्णन एवं शिवलिंग प्रकट का चरित्र सुनाया,महाशिवरात्रि जागरण करना चाहिए यह हमारे जीवन के मंगलसूत्र हैं सुहागन नारी के गले में मंगलसूत्र ना हो अशुभ माना गया है जितने भी व्रत और त्योहार है यह मनुष्य के मंगलसूत्र है रक्षक है धनपति कुबेर भंडारी का चरित्र विस्तार से सुनाया गया, ग्रामीण अंचल से उम्र रही भीड़ ने श्रवण लाभ लिया कथा प्रतिदिन 12 से 4बजे तक रहती है

### खण्डवा में खेत तालाब योजना की जांच के लिए 35 दल गठित

**खंडवा।** जनवरी 2026, पिछले वर्ष ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में किसानों को खेत तालाब योजना से लाभान्वित करते हुए उनके खेतों में तालाबों का निर्माण कराया गया था। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी विकासखण्डों में निर्मित किए गए खेत तालाबों के भौतिक सत्यापन कराने के उद्देश्य से अधिकारियों के कुल 35 जांच दल गठित किए हैं। इनमें बलड़ी विकासखण्ड के लिए कुल 2 जांच दल बनाये गए हैं। जबकि छैगांवमाखन के लिए 5, हरसूद विकासखण्ड के लिए 4, पंधाना विकासखण्ड के लिए 7, खालवा विकासखण्ड के लिए 6, पुनासा विकासखण्ड के लिए 5 तथा खण्डवा विकासखण्ड के लिए 6 जांच दल गठित किए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि ये सभी दल अपने अपने निर्धारित क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर हितग्राहियों एवं अन्य ग्रामीणों से गांव में बनाए गए खेत तालाबों की जानकारी लेकर तालाबों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। जांच के बाद यह दल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### मदिरा के अवैध संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**खण्डवा.** 8 जनवरी 2026, कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को ग्राम काकोड़िया में दबिश की कार्यवाही की। इस कार्यवाही में कुल 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 60 किलोग्राम महुआ लहान एवं 40 लीटर लिमड़ी जप्त की गई। महुआ लहान एवं लिमड़ी को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। जिला आबकारी अधिकारी श्री विकास मंडलोई ने बताया कि जप्त मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 46,500 रूपये है।

### सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**खंडवा.** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छैगांवमाखन ब्लॉक की ग्राम पंचायत चमाटी और मोकलगांव तथा पंधाना ब्लॉक की ग्राम पंचायत बोरगांव बुजुर्ग एवं रूस?तमपुर का दौरा किया। भ्रमण के दौरान डॉ. गौड़ा ने मनरेगा योजना के तहत संचालित ऋएक बगिया माँ के नाम'' परियोजना के अंतर्गत किए गए वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं संबंधित हितग्राहियों से चर्चा कर प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिन कार्यो में हितग्राहियों को समस?याएं आ रही थी, उनसे चर्चा कर समस्या का मौके पर ही निराकरण कराया गया और संबंधित हितग्राहियों को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# स्वच्छता की पाठशाला अभियान, सेग्रीगेशन पर जोर

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** खंडवा नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता की पाठशाला अभियान के अंतर्गत शहर में स्वच्छता को सुदृढ़ करने हेतु डोर टू डोर सेग्रीगेशन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण की नियमित आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

अभियान के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छता महुआ ऐप के महत्व की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही ऐप डाउनलोड करवाए गए। ऐप के माध्यम से नगरवासी अपने क्षेत्र की स्वच्छता से संबंधित शिकायतें, जैसे गंदगी, कचरा उठान, नाली सफाई आदि दर्ज कर सकते हैं, जिनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाता है। जिन क्षेत्रों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वच्छता कार्य किया जा रहा है, वहां भी ऐप डाउनलोड कराने एवं उसके उपयोग के लिए विशेष निर्देश दिए गए, ताकि फील्ड स्तर पर कार्यरत समूह डिजिटल माध्यम से निगम से बेहतर समन्वय स्थापित कर सकें। साथ ही वार्ड प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में डोर टू डोर निरीक्षण नियमित रूप से करने, कचरा सेग्रीगेशन की स्थिति की जांच करने तथा नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिक निगम का उद्देश्य है कि नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जाए और शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाया जाए।




# स्वच्छता जागरूकता व पॉलीथिन नियंत्रण अभियान

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** नगर निगम खंडवा के जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, जोन प्रभारी श्री जाकिर अहमद, वार्ड जमादार श्री संदीप खराले एवं आईईसी टीम द्वारा डोर-टू-डोर वाहन के साथ घर-घर जाकर नागरिकों को चार बिन प्रणाली की जानकारी दी गई। रहवासियों को गीला कचरा हरे बॉक्स में, सूखा कचरा नीले बॉक्स में तथा ग्लव्स एवं बच्चों के डायपर जैसे अपशिष्ट पीले बॉक्स में पृथक रखने के लिए समझाइश दी गई।

अभियान के दौरान नागरिकों को नगर निगम के स्वच्छता ऐप के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया। ऐप के माध्यम से क्षेत्र में गंदगी, कचरा, चैंबर सफाई एवं अन्य स्वच्छता संबंधी शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं, जिनका निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता निभाएं।दोपहर पश्चात जोन क्रमांक 05 अंतर्गत सिंधी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 38 में पॉलीथिन नियंत्रण को लेकर रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में समझाइश दी गई। इस दौरान 120 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जप्ती एवं चालानी कार्रवाई की गई।

आईईसी टीम की सदस्य अरुणा खराले की उपस्थिति में चार प्रतिष्ठानों पर कुल ?1200 का जुर्माना आरोपित किया गया।

# यातायात जागरूकता अभियान, इंदिरा चौक पर अतिक्रमण हटाया

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** राय के निर्देशन में ट्रेफिक पुलिस खंडवा द्वारा यातायात जागरूकता संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं , इस क्रम में आज एसएन कॉलेज के सामने एवं इंदिरा चौक पर यातायात पुलिस की टीम एवं नगर निगम की टीम की मदद से दुकानों के सामने लगे होर्डिंग फ्लेक्स आदि हटवाए गए एवं प्राइवेट किराना मार्केट में तल घर में पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी वाहनों को मार्केट के सामने पर पार्क कराया जा रहा था, जिसे समझाईश देकर तल घर में वाहन पार्क करने हेतु निर्देशित किया साथ ही एक प्राइवेट गार्ड पार्किंग व्यवस्था हेतु रखने हेतु हिदायत दी गई। दुकानदारों को समझाइए दी गई कि सड़क दुर्घटना ना हो इसलिए वह सड़क पर अपना सामान बाहर न रखें इसके साथ ही फुटपाथ पर अवैध औटलो को जेसीबी की मदद से सड़क के समानांतर कराया गया।

आगामी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इंदिरा चौक लेफ्ट टर्न पर एसएन कॉलेज की दीवाल को 5 फिट तक कर्व करने एवं प्राइवेट किराना मार्केट के सामने विद्युत के दो खंभों एक बंद टेलीफोन का खंबे को हटाने हेतु प्रस्ताव रखा जाएगा साथ ही दो पेड़ को भी अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने हेतु प्रस्ताव बनाया जाएगा जिससे इंदिरा चौक पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सकेगी।

# संघ शताब्दी वर्ष पर खंडवा में हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता के भाव को लेकर जिला मुख्यालय खंडवा में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर की विभिन्न बस्तियों में कुल 25 हिंदू सम्मेलन प्रस्तावित हैं, जिनमें से 14 सम्मेलन 11 जनवरी को अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होंगे। इसी क्रम में दादाजी बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन के निमंत्रण हेतु कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बड़ा भिलट देव मंदिर से प्रारंभ होकर संजय नगर एवं दादाजी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए भवानी माता मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी



संख्या में मातृशक्ति, कन्याएं एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। बैंड-बाजे के साथ धार्मिक गीतों पर गरबा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। समाजसेवी सुनील जैन ने कहा कि हिंदू समाज में ऊंच-नीच की कोई भावना नहीं है और सभी हिंदू सहोदर हैं। इसी संदेश को लेकर देशभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। हिंदू सम्मेलन समिति के लोकेंद्र सिंह गौड़ एवं सोनू वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को दादाजी बस्ती स्थित भवानी माता परिसर में हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा। आयोजन को लेकर घर-घर संपर्क कर नागरिकों को सम्मेलन में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

**हादसा** | टीवीएस शोरूम के सामने हुआ हादसा, सीसीटीवी में कैद

# इंदौर रोड पर स्कूटी-बाइक की टक्कर, बाल-बाल बचे युवक

**नवभारत न्यूज।**
**खंडवा।** खंडवा में गुरुवार शाम को एक एक्सीडेंट में स्कूटी और बाइक की टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि क्रॉसिंग के दौरान स्कूटी सवार युवक रोड पर खड़ा रह गया और तेज रफ्तार में आई बाइक से टकराकर स्कूटी चकनाचूर हो गई। हालांकि, मामला थाने तक नहीं पहुंचा। स्कूटी और बाइक सवार युवकों ने आपस में समझौता कर लिया। घटना इंदौर रोड पर टीवीएस शोरूम के सामने आई हुई है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया हैं। जिसके अनुसार,




शाम 4 बजे के करीब एक बाइक सवार छैगांवमाखन की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहा था। जो कि जिला अस्पताल की ओर जा रहा था। इसी दौरान टीवीएस शोरूम के पास डिवाइडर के बीच से एक स्कूटी सवार रोड क्रॉस करने लगा। स्कूटी सवार को अंदाजा नहीं था कि तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार से टक्कर हो जाएगी। वह स्कूटी लेकर डिवाइडर के बीच रोड क्रॉस करने लगा कि बाइक वाले ने उसकी स्कूटी को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कूटी सवार वहीं खड़ा रह गया, लेकिन स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्कूटी सवार वहीं खड़ा रह गया, लेकिन स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बाइक सवार राजा चौहान नाम के शख्स को चोटें आई हैं। वह स्कूटी को टक्कर मारते ही जमीन पर 10 फीट आगे जाकर गिर गया। गिरने के बाद उसने होश संभाला और खड़ा हो गया। इधर, स्कूटी सवार पवन यादव को किसी प्रकार की चोंट नहीं आई है। बाइक से भिड़ंत होते ही स्कूटी उसके पैरों के नीचे से खिसक कर आगे चली गई और वह वहीं खड़ा रह गया। हादसे के बाद राजा चौहान ने स्कूटी रिपेयरिंग की बात कहीं। दोनों पास में ही सुजुकी शोरूम पर पहुंच गए।हालांकि, मामला थाने तक नहीं पहुंचा। स्कूटी और बाइक सवार युवकों ने आपस में समझौता कर लिया। घटना इंदौर रोड पर टीवीएस शोरूम के सामने आई हुई है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया हैं। जिसके अनुसार, शाम 4 बजे के करीब एक बाइक सवार छैगांवमाखन की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहा था। जो कि जिला अस्पताल की ओर जा रहा था। इसी दौरान टीवीएस शोरूम के पास डिवाइडर के बीच से एक स्कूटी सवार रोड क्रॉस करने लगा।